या निर्माण किए जाने की संभावना है और इन कार्यों पर कुल कितनी धनराशि खर्च किए जाने का प्रस्ताव है ; और

(ग) गौतमपुरी बस्ती के लिए कुल कितनी धनराशि खर्च किए जाने की संभावना है और उसका ब्यौरा क्या है ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दलबीर सिंह) : (क) यमुनापार क्षेत्र में दिल्ली नगर निगम के क्षेत्राधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत नियमित कालोनियां दिल्ली विकास प्राधिकरण को अन्तरित की गई नियमित कालोनियों की सूची संलग्न है । (**देखिए** परिशिष्ट CXLIII अनुबंध संख्या 160)

(ख) पूर्वी दिल्ली में 252 नियमित की गई अनधिकृत कालोनियां हैं । पूर्वोक्त कालोनियों में दिन-प्रतिदिन की मरम्मत/सड़कों/गलियों, नालियों इत्यादि के अनुरक्षण के अतिरिक्त सूची में उल्लिखित कालोनियों के विकास के लिए 200 लाख रुपये का व्यय करने का प्रस्ताव है ।

(ग) गौतमपुरी कालोनी के लिए अलग से कोई नियतन नहीं किया गया है ।

भारत में विनिर्मित आई० एस० 4151 हेलमेट

@4081. **श्रीमती वीणा वर्मा** : क्या **खाद्य और नागरिक पूर्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत में विनिर्मित हेलमेट आई०एस० 4151 बायो मेडिकल इंजीनियरिंग केंद्र आई०आई०टी० के चारों टैस्टों में खरा उतरा है ; और

(ख) यदि नहीं तो आई०एस०आई० मार्का हेलमेट में सुधार लाने के लिये सरकार की कोई योजना है ; यदि हां, तो योजना का ब्यौरा क्या है ?

खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) दि बायो मेडिकल इंजीनियरिंग केंद्र आई०आई०टी० दिल्ली, कोई परीक्षण केंद्र नहीं है बल्कि हेलमेट के लिए नए डिजाइनों का विकास करने हेतु एक "अनुसंधान केंद्र" है ।

(ख) इस समय भारतीय मानक ब्यूरो का भारतीय मानक आई०एस० 4151-1982 को संशोधित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है ।

दिल्ली नगर निगम के दैनिक वेतन कर्मचारी

4082. **श्री सूरज प्रसाद** : क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली नगर निगम के जलपूर्ति विभाग में वर्ग III तथा वर्ग IV के ऐसे कर्मचारियों की संख्या कितनी-कितनी है जो पिछले तीन वर्षों से दैनिक वेतन पर काम कर रहे हैं उन्हें अभी तक नियमित न किए जाने के क्या कारण हैं ;

(ख) क्या यह सच है कि उच्चतम न्यायालय ने अपने हाल के निर्णय में निदेश दिया है कि जिन कर्मचारियों ने 240 दिन की सेवा पूरी कर ली है उन्हें नियमित किया जाए ; और

(ग) दिल्ली नगर निगम और दिल्ली प्रशासन के विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत ऐसे दैनिक वेतन कर्मचारियों की संख्या कितनी है जो अपनी नियुक्ति के समय अधिक आयु के थे लेकिन उन्हें नियमित करते समय आयु सीमा में छूट दे दी गयी है और ऐसे कर्मचारियों की संख्या कितनी है जिन्हें पिछले तीन वर्षों से दौरान यह छूट नहीं दी गई है ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दलबीर सिंह) : (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है तथा सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

©Previously Unstarred Question 3561 Transferred **from** the 25th August, 1987,